भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 894
07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स, कल्याणी में प्राध्यापकों के रिक्त पद

894. **श्री सौमित्र खान:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि एम्स, कल्याणी में 40% से अधिक प्राध्यापकों के पद वर्तमान में रिक्त हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इतनी अधिक संख्या में रिक्त पदों के क्या कारण हैं;
(ख) एम्स, कल्याणी को संपूर्ण देश से योग्य प्रतिभाओं को आकर्षित करने के मार्ग में आने वाली चुनौतियों/कठिनाइयों का ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार द्वारा इन समस्याओं के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है;
(घ) क्या सरकार का एम्स, कल्याणी में रिक्त प्राध्यापकों के पदों को भरने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक भरे जाने की संभावना है; और
(ङ) भर्ती प्रक्रिया में तीव्रता लाने के लिए क्या उपाय लागू हैं/ कार्यान्वित किए जा रहे हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ): अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) कल्याणी में संस्वीकृत, भरे हुए और रिक्त संकाय पदों की स्थिति निम्नानुसार है:

संस्वीकृत	भरे हुए	रिक्त
259	163	96

पदों का सृजन और भर्ती एक सतत् प्रक्रिया है। संकाय पदों का भरा जाना विभिन्न स्पेशियलिटी और सुपर स्पेशियलिटी में डॉक्टरों की उपलब्धता, विज्ञापन, आरक्षण रोस्टर, त्यागपत्र आदि की तुलना में प्राप्त

आवेदनों पर निर्भर करता है। नए स्थापित एम्स में संकाय और गैर-संकाय पदों की संख्या में वृद्धि करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

(i) रिक्तियों के शीघ्र भरने को सुकर बनाने के लिए एम्स अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक एम्स में स्थायी चयन समिति गठित की गई है।

(ii) रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एक वर्ष की वैधता के साथ भर्ती के लिए रोलिंग विज्ञापन जारी किए जाते हैं।

(iii) एम्स, दिल्ली द्वारा गैर-संकाय पदों की भर्ती के लिए केन्द्रीकृत नर्सिंग अधिकारी भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा (एनओआरसीईटी) और सामान्य भर्ती परीक्षा (सीआरई) आयोजित की जाती है।

*****